कोटद्वार, मंगलवार
28 अक्टूबर 2025
वर्ष: 47
अंक: 166 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### जिम संचालक की पत्नी की गोली लगने से मौत

काशीपुर। बाजपुर क्षेत्र के गांव टांडा अमीचंद निवासी जिम संचालक की 30 वर्षीय पत्नी तरनजीत कौर की रविवार दोपहर को संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस देसी तमंचे से आत्महत्या करना मान रही है। फॉरेंसिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

बताते हैं कि घटना के समय मृतका की 10 वर्षीय बेटी घर में मौजूद थी जबकि अन्य परिजन शादी समारोह में गए थे।पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब तीन बजे गांव टांडा अमीचंद निवासी जगजीत सिंह की पत्नी तरनजीत कौर कमरे में अकेली थी। इसी दौरान तरनजीत कौर की 315 बोर के देसी तमंचे से गोली लगने से मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर दूसरे कमरे से पहुंची बेटी ने मां को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा।इस पर वह रोते हुए पड़ोसियों के घर पहुंची जिसके बाद वह भी घटनास्थल पर पहुंचे। उनकी सूचना पर शादी समारोह में गए मृतका के पति, छोटी बेटी सहित अन्य परिजन वापस लौट आए।

महिला की मौत की सूचना पर कोतवाल प्रवीण कोश्यारी, एसएसआई जसविंदर सिंह, बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज अशोक कांडपाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से 315 बोर का एक देसी तमंचा बरामद किया है।पुलिस के अनुसार महिला ने अपने सीने पर गोली मारकर आत्महत्या की है। बताया कि घटना के समय मृतका की 10 वर्षीय बेटी भी घर में ही मौजूद थी।बताते हैं कि घटना से पहले मृतका ने अपनी बेटी को खाना दिया था। उसके बाद खुद कमरे में चली गई थी। मृतका का पति बन्नाखेड़ा में जिम चलाता है और गांव में खेतीबाड़ी भी है।

### युवक ने फंदा लगाकर जान दी

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में एक फैक्टरी कर्मचारी ने कमरे के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें प्रेमिका के शादी से इन्कार करने पर आत्महत्या करने की बात का जिक्र किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह सुखबीर सिंह निवासी रावली महदूद ने सूचना दी कि उसके किरायेदार ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नितेश शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पंखे से लटके शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। मृतक की पहचान कमरे के अंदर रवि प्रकाश वर्मा (25) पुत्र सुरेश चंद्र वर्मा, निवासी ग्राम सैदपुर करणपुर, लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर कमरे से साक्ष्य एकत्र किए। थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें रवि का एक युवती से प्रेम प्रसंग होने की बात सामने आई है। सुसाइड नोट में जिक्रकिया गया किहै कि प्रेमिका ने शादी करने से मना कर दिया इसलिए वो यह कदम उठा रहा है। रवि एक कंपनी में कार्यरत था और यहां किराये पर रह रहा था। सुसाइड नोट की जांच की जा रही है।

## तोता घाटी के पास खाई में गिरा वाहन

# देहरादून के तीन युवकों की मौत



चमोली। ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर सोमवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। तोताघाटी के पास एक पिकअप वाहन गहरी खाई में गिर गया। जिसमें देहरादून के तीन युवकों की मौत हो गई। देवप्रयाग थानाध्यक्ष एल एस बुटोला ने बताया कि डोईवाला, देहरादून निवासी बबली कौर ने सोमवार सुबह पुलिस चौकी बछेलीखाल में आकर सूचना दी कि उनका बेटा मोहन सिंह पुत्र तारा सिंह(25) , वाहन स्वामी प्रवीण राठौर पुत्र दिनेश कुमार(25) और ताराचंद्र पुत्र सुरेश चंद (24), 25 अक्तूबर की रात एशियन पेंट्स के गोदाम, कुआंवाला, देहरादून से पेंट की बाल्टियां और पुट्टी के कट्टे लेकर गोपेश्वर के लिए निकले थे। उन्हें 26 की सुबह गोपेश्वर पहुंचना था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। बबली कौर ने बताया कि कल सुबह से उनका बेटा मोहन फोन नहीं उठा रहा था और अब उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। लालतप्पड़ चौकी से बेटे की अंतिम लोकेशन साकनीधार के आस–पास आई थी, जिसके बाद वह तलाश में यहां आई हैं। सूचना पर पुलिस चौकी बछेलीखाल से चौकी प्रभारी एसआई दीपक लिंगवाल फोर्स और परिजनों के साथ साकनीधार पहुंचे। लोकेशन पर कोई नहीं मिला, जिसके बाद तलाश करते हुए टीम कोड़ियाला की तरफ बढ़ी। रास्ते में तोता घाटी के पास दो पैराफिट टूटे हुए मिले। नीचे खाई की तरफ देखने पर पेंट और पुट्टी का सामान बिखरा हुआ मिला, साथ ही लगभग 250 मीटर गहरी खाई में एक पिकअप वाहन और उसके हिस्से–पुर्जे दिखाई दिए। जिस पर एसडीआरएफ व्यासी को तत्काल मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद रेस्क्यू और सर्चिंग अभियान चलाया गया। खाई से तीनों युवकों के शव बरामद किए गए। उनकी पहचान उपरोक्त तीनों लापता युवकों के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा शवों को खाई से निकालने और अग्रिम आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फिर लगाई लताड़, राज्य सरकारों को दिया अल्टीमेटम

नई दिल्ली , आवारा कुत्तों के बढ़ते मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

राज्य और यूटी सरकारों द्वारा हलफनामा दाखिल ना करने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। विदेशों में भी देश की छवि खराब हो रही है। फिर भी राज्यों ने अनुपालन हलफनामा दाखिल नहीं किया। कोर्ट ने राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया है। तीन नवंबर तलब होने की तारीख है। कोर्ट ने कहा कि 22 अगस्त के आदेश के अनुसार, केवल 3 अनुपालन हलफनामे दाखिल किए गए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और एमसीडी शामिल हैं।

चूंकि हमारे आदेश का पालन नहीं किया गया है, उन्हें आना ही होगा क्योंकि तीन महीने बीत जाने के बावजूद उन्होंने अनुपालन हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। उन्हें आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए। उन्हें हलफनामा दाखिल करना था, लेकिन उन्होंने नहीं किया।

# चक्रवात 'मोंथा का रौद्र रूप : 7 राज्यों पर मंडराया खतरा

## 110 किमी की हवाओं के साथ आज तट से टकराने की आशंका



विशाखापत्तनम ,बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहा चक्रवात 'मोंथाझ् अब बेहद गंभीर रूप धारण कर चुका है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, यह डिप्रेशन अब एक चक्रवाती तूफान में बदल गया है और अगले 24 घंटों में यह गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। फिलहाल तूफान के केंद्र में हवा की अधिकतम गति 90–100 किमी प्रति घंटा है, जिसके 110 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका है। यह तूफान तेजी से उत्तर–पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है और 28 अक्टूबर (कल) की शाम या रात तक आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात 'मोंथा के मछलीपट्टनम और कालिंगपट्टनम के बीच से होकर गुजरने की संभावना है। इसके काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश के तट को पार करने का अनुमान है। तूफान के प्रभाव से तमिलनाडु के चेन्नई में हल्की फुहारें शुरू हो गई हैं, जिनके धीरे–धीरे तेज होने की आशंका है।

इस तूफान का असर ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ समेत 7 राज्यों पर पड़ने की आशंका है। 28–29 अक्टूबर को भारी तबाही की आशंका के मद्देनजर ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जहाँ बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश के 9 जिलों– काकीनाडा, कोनासिमा, एलुरु, वेस्ट गोदावरी, कृष्णा, गुंटूर, भटला, प्राकासम और एसपीएसआर नेल्लोर में खतरा सबसे अधिक है, जिन्हें रेड अलर्ट पर रखा गया है। ओडिशा के भी सभी 30 जिले अलर्ट मोड पर हैं। आईएमडी ने समुद्री इलाकों में ऊंची लहरें उठने और तटीय इलाकों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं से पेड़ उखड़ने और इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचने का खतरा है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सख्त सलाह दी गई है। चक्रवात के गंभीर खतरे को देखते हुए प्रभावित राज्यों ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। आंध्र प्रदेश में विशेष रूप से काकीनाडा और कोनासिमा के 34 तटीय गांवों से 6,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है, जिनमें 428 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। एहतियात के तौर पर विशाखापत्तनम, अनाकापल्ले और वेस्ट गोदावरी में 27–28 अक्टूबर को स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

# कुंजापुरी मेला देगा स्थानीय विकास और पर्यटन को नई दिशा : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का शुभारंभ, एक दर्जन से अधिक घोषणाएं की



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल पहुंचकर नौ दिवसीय 49वें श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का ध्वजारोहण कर मेले के शुभारम्भ की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। 1974 से निरंतर आयोजित किया जा रहा यह मेला व्यापार, क्षेत्रीय विकास और पर्यटन को गति प्रदान करने वाला है। भारत की पहचान, उसकी सनातन संस्कृति और जीवन मूल्यों पर छिपी हुई है। हमारी संस्कृति केवल रीति रिवाज का विषय नहीं है एक सकारात्मक दिशा देने वाले विचारधारा है, जो हमें नए-नए तरीके से प्रेरित करने का काम करती है।

मुख्यमंत्री ने ढालवाला में अवशेष बाढ़-सुरक्षा कार्यों का निर्माण कार्य (लगभग 400 मीटर), कुम्भ मेला, 2027 के अन्तर्गत मुनिकीरेती में खारास्त्रोत गदेरे में सतह पार्किंग एवं एप्रोच रोड़ का निर्माण, नरेन्द्रनगर में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त नहरों का पुनर्निर्माण कार्य, नगर पंचायत तपोवन में सामुदायिक भवन का निर्माण, नरेन्द्रनगर में सब रजिस्ट्रार कार्यालय की स्थापना, बाल्मिकी बस्ती में 6 आवासों का पुनर्निर्माण, पावकी देवी (दोगी) में सामुदायिक भवन का निर्माण, नरेन्द्रनगर कुम्हार खेड़ा में सामुदायिक भवन का विस्तार, कुम्हार खेड़ा सामुदायिक भवन तक मार्ग का पक्की करण, नगर पालिका मुनि की रेती-ढालवाला में श्री पन्त की दुकान से चीनी गोदाम तक मार्ग का पुनर्निर्माण, श्रीदेव सुमन उप जिला अस्पताल में एनेस्थिशिया वर्क मशीन (ऑटोमेटिक वैंटीलेटर) की स्वीकृति, नरेंद्रनगर में एक ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना, भुवनेश्वरी देवी मंदिर हार्डीसेरा एवं पावली देवी मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए उचित धनराशि की स्वीकृति, गुल्लरबोगी में पार्किंग निर्माण, ह्वेल नदी में मानसेरा, भगोड़ी, भैंतोला तोक में चेक डैम का निर्माण की मांग को मुख्यमंत्री घोषणाओं में सम्मिलित करने की बात कही। प्रदेश के वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा एवं निर्वाचन एवं संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मां कुंजापुरी मेला हमारी संस्कृति, परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ ही देश प्रदेश की संस्कृति से रूबरू होने के लिए बड़ा मंच उपलब्ध कराता है। यह मेला सभी के सहयोग से निरंतर खेल एवं विकास के ओर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष तपोवन विनीता बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्रनगर दीक्षा राणा, मेयर नगर निगम ऋषिकेश शंभू पासवान, जिलाध्यक्ष भाजपा उदय रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गजा कुंवर सिंह चौहान, डीएम टिहरी नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### गोल्डन फॉरेस्ट से जुड़ी जमीन फर्जीवाड़े से बेचने में पांच पर केस

देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र के धनौला में कथित भू–माफियाओं ने गोल्डन फॉरेस्ट से जुड़ी प्रतिबंधित और सरकारी जमीन फर्जीवाड़े से बेच दी। मामले में केस दर्ज करने की एसआईटी की संस्तुति रिपोर्ट पुलिस में दबा दी गई। अब कोर्ट के आदेश पर राजपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया गया। कोर्ट में पुलिस और राजस्व विभाग की एसआईटी पर सवाल उठाए गए। शाकुल उनियाल निवासी गुजराड़ा मानसिंह ने न्यायालय में अर्जी देकर आरोप लगाया था कि प्रशांत डोभाल, राजीव तलवार, मनोरमा डोभाल, नीरू तलवार और भरत सिंह नेगी ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर षड्यंत्र रचकर सहस्रधारा रोड स्थित धनौला में प्रतिबंधित गोल्डन फारेस्ट और उसकी सहयोगी कंपनी की जमीन, राज्य सरकार और नदी की जमीनों को फर्जी दस्तावेज बनाकर लोगों को अवैध रूप से बेचकर ठगा। उन्होंने मामले में लिखित शिकायत पहले एक फरवरी 2021 को एसआईटी भूमि, आयुक्त गढ़वाल कार्यालय और डीएम देहरादून को दी थी। इसके बाद एसडीएम सदर को 15 दिसंबर 2022 को शिकायत दी। कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में कहा कि सुनील कुमार गुप्ता की शिकायत पर एसआईटी ने जांच में फर्जीवाड़े को सही पाया था। 12 अप्रैल 2024 को महानिरीक्षक निबंधन संदीप श्रीवास्तव को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि संदीप श्रीवास्तव ने जानबूझकर मामले को लगभग तीन माह तक दबाए रखा। दो जुलाई 2024 को उन्होंने एसएसपी देहरादून को केस दर्ज करने की रिपोर्ट भेजी।

# चमोली में डोली धरती.. 3.4 मापी गई तीव्रता



चमोली। चमोली जिले में सोमवार की सांय छः बजकर 47 मिनट पर भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया, इस दौरान लोग घरों से बाहर आ गये, भूकंप की तीव्रता 3.4 आंकी गई है। भूकंप का केंद्र विंदु चमोली बताया गया है, भूकंप की गहराई पांच किलोमीटर आंकी गई है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी ने बताया कि भूकंप का केंद्र चमोली था। भूकंप का हल्का झटका होने के कारण अधिकांश लोगों को इसका पता नहीं चल पाया। भूकंप से नुकसान की कोई सूचना नहीं है। जिलाधिकारी ने गौरव कुमार ने बताया कि भूकंप का आकलन राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा किया गया है। प्रारम्भिक रिपोर्ट के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गई है। यह भूकंप धरातल से लगभग पांच किलोमीटर की कम गहराई पर स्थित था, जिसके कारण स्थानीय क्षेत्र में हल्के झटके महसूस किए गए। जिलाधिकारी ने आम जनता से अनुरोध है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन द्वारा जारी सूचनाओं का पालन करें। वर्तमान में किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है, स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी माह में पहले भी हुए भूकंप के दो झटके महसूस : इसी अक्टूबर माह में भूकंप के दो झटके महसूस किए जा चुके हैं। बीते 2 अक्टूबर को पुरोला तहसील के गुंदियाटगांव और महर गांव क्षेत्र में भी रिक्टर पैमाने पर 2.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिसका केंद्र गुंदियाटगांव और डोखरीयानी के बीच स्यालुका में जमीन से 5 किमी नीचे था। वहीं, बीते 14 अक्टूबर को उत्तराखंड–हिमाचल प्रदेश की सीमा पर स्थित मोरी आराकोट क्षेत्र में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए, जिसकी तीव्रता 3.6 दर्ज की गई।

# खुद को एसएसबी जवान बताकर...युवती से की सगाई, फिर बनाए संबंध, लूटे लाखों रुपये



रुद्रपुर। खटीमा में एक युवक ने खुद को एसएसबी जवान बताकर युवती से सगाई करने के बाद होटल में शारीरिक संबंध बना लिए। यही नहीं युवती व परिजनों से 2,77,000 लाख रुपये ठग लिए। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपी व उसके परिजनों विरुद्ध केस दर्ज किया है।

पीड़िता ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि ग्राम देवरी निवासी आकाश सिंह वर्ष 2021 में उसके माता–पिता से मिला था और उसके लिए विवाह का रिश्ता लेकर आया था। उसके माता–पिता ने मना कर दिया दिया। इस पर आकाश, उसकी माता विमला देवी व छोटी बहन अंजलि ने बताया था कि युवक एसएसबी में कार्यरत है। उसने अपनी एसएसबी की ड्रेस व डीआईजी से ईनाम लेते कूटरचित आदि फोटो भी दिखाई। इसके बाद वे आए दिन उससे शादी का दबाव बनाने लगे थे। इस पर उसके माता–पिता ने सितंबर 2022 को उसकी आकाश के साथ सगाई कर दी थी। इसके बाद आकाश आए दिन ड्यूटी पर होने, नेटवर्क फेल होने की बात कहकर उससे व उसकी बहन से अपनी बहन व अपने मित्रों के मोबाइल नंबरों पर गूगल–पे कराने लगा। आकाश ने नौकरी से सस्पेंड होने के कारण खाता सीज हो जाने व जुर्माना जमा करने के लिए रुपये न होने की बात कहकर उससे 3,00,000 रुपये मांगे। उसने उधार लेकर 2,00,000 रुपये आकाश को दे दिये। 23 दिसंबर 2023 को आकाश उसको घुमाने के नाम पर नैनीताल ले गया और होटल में जबरन उससे शारीरिक संबंध बनाए। जब माता–पिता ने आकाश व उसकी माता से शादी के लिए संपर्क किया तो टाल मटोल करने लगे। इसके बाद भी आकाश आए दिन पैसे मांगने लगा।

जब परिजनों को संदेह हुआ तो उन्होंने एसएसबी कैम्प में जानकारी की तो पता चला कि आकाश एसएसबी का जवान नहीं है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि अदालत के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### नोएडा में साइबर ठगों ने की रिटायर्ड इंजीनियर से 80 लाख रुपए की ठगी

नोएडा , नोएडा में साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड इंजीनियर को शेयर बाजार में निवेश के नाम पर मोटी कमाई का लालच देकर 80 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पीड़ित को एक फर्जी ऐप डाउनलोड कराया और उसमें निवेश पर भारी मुनाफा दिखाकर विश्वास जीता। जब इंजीनियर ने पैसा निकालने की कोशिश की, तो ठगी का खुलासा हुआ। इस मामले के तहत साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।पुलिस के अनुसार, रिटायर्ड इंजीनियर को ठगों ने सोशल मीडिया और फोन कॉल के जरिए संपर्क किया। उन्हें शेयर बाजार में निवेश करने और कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया गया। ठगों ने पीड़ित को एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा, जिसे वे निवेश प्लेटफॉर्म बताते थे। इस ऐप में पीड़ित ने धीरे–धीरे 80 लाख रुपये जमा किए, जो 10 अलग–अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। ऐप में दिखाया गया कि उनके निवेश पर भारी मुनाफा हो रहा है, जिससे पीड़ित का भरोसा बढ़ता गया। हालांकि, जब इंजीनियर ने अपने पैसे और मुनाफे को निकालने की कोशिश की, तो ऐप ने काम करना बंद कर दिया। ठगों ने तरह–तरह के बहाने बनाए और अतिरिक्त पैसे जमा करने की मांग की।

# बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई, पंजाब बॉर्डर से ड्रोन, पिस्तौल और हेरोइन बरामद



अमृतसर ,सीमा पार से होने वाली हथियार और नशे की तस्करी पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब बॉर्डर पर चौकसी के दौरान कई अहम बरामदगियां की हैं। बीएसएफ के जवानों ने दो ड्रोन, दो पिस्टल और हेरोइन का पैकेट जब्त किया है। ये सभी बरामदगी फिरोजपुर और अमृतसर सेक्टर में अलग–अलग घटनाओं के दौरान हुई। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी, पंजाब फ्रंटियर के अनुसार, ये कार्रवाई सीमा पार से सक्रिय पाकिस्तानी तस्करों के नापाक इरादों पर तगड़ा वार है।पहली घटना में बीएसएफ की इंटेलिजेंस विंग से मिली सटीक सूचना के आधार पर, शनिवार को अमृतसर जिले के गांव दाओके के पास गश्त कर रहे सतर्क जवानों ने एक डीजेआई एआईआर 3 एस ड्रोन बरामद किया। यह ड्रोन टूटी हुई हालत में खेतों के पास मिला। इसी दिन शाम को दूसरी घटना में अमृतसर जिले के गांव कहांगढ़ के पास खेतों में बीएसएफ के जवानों ने एक और ड्रोन को मार गिराया। यह डीजेआई मैविक 3 क्लासिक मॉडल का ड्रोन था, जिसके साथ एक पिस्टल और एक मैगजीन बंधी हुई मिली। बताया जा रहा है कि ड्रोन के जरिये हथियारों की तस्करी की कोशिश की जा रही थी। इसी क्रम में, बीएसएफ की एक अन्य टीम ने फिरोजपुर बॉर्डर पर गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान गांव बहादुरके के पास खेतों में से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। चौथी घटना में बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर जिले के गांव भैणी राजपूताना के पास स्थित खेतों से हेरोइन का एक पैकेट जब्त किया, जिसका कुल वजन 553 ग्राम है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि जवानों की यह कार्रवाई सीमा पार से होने वाली तस्करी और आतंकवादी नेटवर्क की साजिशों के खिलाफ निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा, बीएसएफ के सतर्क जवानों ने एक बार फिर साबित किया है कि वे किसी भी स्थिति में देश की सीमाओं की सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे।बीएसएफ ने बताया कि सभी बरामद वस्तुओं को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# देश के अगले सीजेआई हो सकते हैं जस्टिस सूर्यकांत, चीफ जस्टिस गवई ने की सिफारिश



नई दिल्ली , भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई के सेवानिवृत्त होने के बाद देश को नया सीजेआई मिलने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश गवई ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में न्यायमूर्ति सूर्यकांत का नाम आगे बढ़ाया है। सीजेआई गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने यह पद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद संभाला था। जानकारी के मुताबिक, सीजेआई गवई ने केंद्र सरकार को न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की सिफारिश भेज दी है। वरिष्ठता के आधार पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश बनेंगे। सरकार जल्द ही उनके नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी कर सकती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत लगभग 14 महीने तक इस पद पर रहेंगे और 9 फरवरी 2027 को सेवानिवृत्त होंगे। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, सीजेआई गवई जल्द ही सिफारिश पत्र की एक प्रति न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भी सौंप देंगे। दरअसल, केंद्र सरकार ने गवई से अपने उत्तराधिकारी का नाम तय करने को कहा था। एक साक्षात्कार में सीजेआई गवई ने कहा था कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत इस पद के लिए हर दृष्टि से उपयुक्त हैं।

10 फरवरी 1962 को जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1981 में हरियाणा के हिसार स्थित सरकारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से स्नातक की डिग्री और 1984 में महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1984 में हिसार जिला न्यायालय से अधिवक्ता के रूप में अपने करियर की शुरुआत की और एक वर्ष बाद पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में वकालत शुरू की।

# तेज प्रताप यादव का तेजस्वी पर वार, मुख्यमंत्री कौन बनेगा, ये जनता तय करेगी



महुआ ,। लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार की महुआ विधानसभा सीट से उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने अपने भाई तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा और कौन नहीं बनेगा, यह बिहार की जनता तय करेगी। उन्होंने तेजस्वी यादव की घोषणाओं पर भी सवाल उठाए। तेज प्रताप यादव अपनी राजनैतिक कर्मभूमि महुआ में बाइक पर चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि महुआ में रोड नहीं बना है। स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। तेज प्रताप ने कहा, जिस तरह हमने महुआ में मेडिकल कॉलेज बनवाने का काम किया। इसी तरह वे यहां सड़कों का निर्माण कराएंगे। जनता से किया गया वादा पूरा करेंगे।महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार मुकेश सहनी पर तेज प्रताप यादव ने जवाब दिया और कहा, जनता परेशान है। युवाओं को रोजगार चाहिए।

# सरदार पटेल की जयंती : रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी ने देशवासियों से की खास अपील



नई दिल्ली ,देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती इस वर्ष विशेष रूप से मनाई जा रही है। उनके 150वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से इसमें हिस्सा लेने के लिए अपील की है। पीएम मोदी ने एकता दिवस पर एकता दिवस भारत के आधिकारिक एक्स अकाउंट द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो को रिपोस्ट करते हुए लिखा, 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी में शामिल हों और एकजुटता की भावना का जश्न मनाएं! आइए, सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने का सम्मान करें।रन फॉर यूनिटी हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित किया जाता है। एकता दिवस भारत के आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक वीडियो संदेश पोस्ट किया गया।पोस्ट में कहा गया, हमारी विविधता ही भारत की आत्मा है और सरदार पटेल ने इस विविधता को एकता में पिरोया। प्रधानमंत्री मोदी उसी दृष्टि को आगे बढ़ा रहे हैं। सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाएं, रन फॉर यूनिटी में शामिल हों और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को और सशक्त बनाएं।बता दें कि पीएम मोदी ने रविवार को लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड में कहा था, सरदार पटेल आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक रहे हैं। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे।प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा था, मेरा आप सबसे आग्रह है कि 31 अक्टूबर को सरदार साहब की जयंती पर देशभर में होने वाली रन फॉर यूनिटी में आप भी जरूर शामिल हों।पीएम मोदी ने कहा था कि गांधी जी से प्रेरित होकर सरदार पटेल ने खुद को स्वतंत्रता आंदोलन में पूरी तरह समर्पित कर दिया। खेड़ा सत्याग्रह से लेकर बोरसद सत्याग्रह तक अनेक आंदोलनों में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने डॉक्टर को भेजा नोटिस, वेतन पर लगेगी रोक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सीएमओ ने सोमवार को थलीसैंण क्षेत्र के अस्पतालों का निरीक्षण किया और अस्पतालों के संचालन को लेकर जानकारी ली। तैनाती स्थल पर सेवा नहीं दिए जाने के मामले में सीएमओ ने एक डॉक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संबंधित डॉक्टर की एक महीने के वेतन पर रोक लगाई जाएगी। सीएमओ के मुताबिक चाकीसैंण टाइप ए पीएचसी में और रिखणीखाल अस्पताल में एक्सरे मशीनों को लेकर कार्यावाही की जा रही है। चाकीसैंण में थ्री फेस बिजली कनेक्शन लगाने के लिए आवेदन किया गया है। वहीं रिखणीखाल अस्पताल के लिए एक्सरे मशीन के पार्ट मंगाएं गए है। इन दोनों ही अस्पतालों में इसके बाद लोगों को एक्सरे संबंधी सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। पौड़ी के सीएमओ डॉ. एसएम शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण में पाया गया कि शासन द्वारा जिस डॉक्टर को त्रिपालीसैंण अस्पताल में तैनात की है वह यहां न बैठक चाकीसैंण में सेवा दे रहा है। संबंधित डॉक्टर ने बीती 3 अक्तूबर को ज्वॉइन कर लिया था। यही नहीं बिना स्वीकृत अवकाश के 10 दिन के अवकाश पर जाना भी पाया गया। सीएमओ डॉ. शुक्ला ने बताया कि संबंधित चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है साथ ही एक महीने के वेतन पर रोक संबंधी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही सीएचसी पैठाणी में बीते लंबे समय से पेयजल संबंधी दिक्कतें दूर नहीं हो पाई है। सीएमओ ने बताया कि इस अस्पताल के लिए 18 लाख का आंगणन बनाकर शासन को भेजा गया था, लेकिन इसके बाद से अस्पताल में पेयजल संबंधी समस्या दूर नहीं हो पाई।

### देवाल—वाण मोटर मार्ग बदहाल

चमोली। चमोली जिले में देवाल—वाण मोटर मार्ग की खराब स्थिति से ग्रामीण परेशान हैं। सड़क पर जगह—जगह गड्ढे और अधूरा डामरीकरण कार्य होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। सड़क की बदहाली के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। अधूरे निर्माण कार्य के चलते यात्रियों को जोखिम भरी यात्रा करनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ माह पहले थराली—वाण सड़क पर डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण इसे अधूरा छोड़ दिया गया। निर्माण कार्य बीच में रुक जाने से सड़क की हालत पहले से भी ज्यादा खराब हो गई है। सड़क की दुर्दशा के कारण हरिद्वार—वाण बस सेवा कई महीनों से बंद पड़ी है। इस वजह से लोगों को आवागमन के लिए निजी वाहनों या साझा टैक्सियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। सड़क की दुर्दशा के कारण हरिद्वार—वाण बस सेवा कई महीनों से बंद पड़ी है। इस वजह से लोगों को आवागमन के लिए निजी वाहनों या साझा टैक्सियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। नन्दा राजजात समिति वाण के अध्यक्ष हीरा सिंह गढ़वाली और अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है। उन्होंने मांग की है कि देवाल—वाण मोटर मार्ग का कार्य तत्काल पूरा कर सड़क को सुगम बनाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### ऊखीमठ तहसील से कुछ ही दूर किमाणा गांव में दिन दहाड़े दिखा भालू

रुद्रप्रयाग। ऊखीमठ तहसील के करीबी गांव किमाणा में भालू का आतंक ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अब तो भालू दिन दहाड़े बांज के पेड़ों पर बैठा दिखाई दे रहा है जिससे महिला और बच्चों में दहशत है। ग्रामीणों ने शीघ्र वन विभाग से भालू को पकड़ने की मांग की है। बीते एक सप्ताह से ऊखीमठ मुख्य बाजार से करीब 2 किमी दूर किमाणा गांव में एक सप्ताह से भालू की दशहत से ग्रामीणों परेशान हैं। भालू दिन में ही गांव के पास खेतों में पहुंच रहा है। बीते दिन तो गांव के पास मणिपुरी बांज के पेड़ पर भालू को देखकर ग्रामीण काफी डर गए हैं। ग्रामीणों ने शोर—शराबा कर भालू को भगाने का प्रयास किया किंतु वह धूप में पेड़ के ऊपर कई देर तक आराम करता रहा। बाद में किसी तरह वह वहां से दूर भागा। महिलाएं खेत, खलियान के अलावा चरागाह और जंगल जाने में डर रही है तो स्कूली बच्चों को भी निरंतर खतरा बना है।

वन पंचायत सरपंच देवी शंकर त्रिवेदी, भरत पुष्पवाण, जगदीश पुष्पवाण आदि ने कहा कि एक सप्ताह से भालू गांव की सीमा में दिखाई दे रहा है।

# हाथी को देख स्कूटी व बाइक छोड़कर दौड़े युवक

## कोटद्वार–पुलिंडा मार्ग पर बनी है हाथियों की धमक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : जंगल से सटे आबादी क्षेत्र के साथ ही मार्गों पर हाथियों की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। एक दिन पूर्व जहां ग्रास्टनगंज तिराहे तक हाथी पहुंच गया था वहीं, सोमवार को हाथी ने कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर दोपहिया वाहन चालकों को दौड़ा दिया। हाथी से बचने के लिए युवक स्कूटी व मोटर साइकिल मौके पर छोड़कर भागे। इसी मार्ग पर दो दिन पूर्व भी हाथियों ने सुबह की सैर पर निकले लोगों को दौड़ाया था।


कोटद्वार–पुलिंडा मार्ग पर हाथी के भय के कारण सड़क पर गिरा दुपहिया वाहन। साथ में खड़ा हाथी

कोटद्वार से पुलिंडा के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। लेकिन, जंगल से सटे इस मार्ग पर इन दिनों हाथी की धमक बढ़ गई है। सोमवार को भी कोटद्वार से करीब दो किलोमीटर आगे मार्ग पर अचानक हाथियों का झुंड सड़क में धमक गया। मोड़ पर पहुंचे हाथियों को देख स्कूटी व बाइक सवार युवकों में अफरा-तफरी मच गई। यही नहीं एक स्कूटी व एक मोटर साइकिल सवार तो मौके पर वाहनों को छोड़कर भाग खड़े हुए।

करीब आधे घंटे तक हाथी मार्ग पर चहलकदमी करते रहे। जिसके कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम भी लगा हुआ था। हाथियों के वापस जंगल में जाने के बाद यातायात सुचारु हो पाया। वहीं, कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर एक दिन पूर्व ही हाथियों ने सुबह की सैर पर निकले लोगों को दौड़ाया। इसका एक वीडियो इंटरनेट पर भी वायरल हो रहा है, जिसमें हाथी लोगों के पीछे दौड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है। ऐसे में वन विभाग लोगों को मार्ग पर सैर न करने की भी चेतावनी दे रहा है।

# पिकअप वाहन ने दोपहिया वाहनों को मारी टक्कर, हादसा टला

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पदमपुर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर से एक स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि उस समय घटनास्थल पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

घटना सोमवार दोपहर की है। पदमपुर की ओर से कबाड़ से भरा एक पिकअप वाहन कोटद्वार बाजार की ओर आ रहा था।

इसी दौरान अचानक वाहन अनियंत्रित हुए और एक प्रतिष्ठान के बाहर खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। घटना में एक स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां पर एक आनलाइन शापिंग एजेंसी का कार्यालय भी है, जहां से पूरे क्षेत्र में लोगों द्वारा मंगवाए गए सामान उनके पते पर भेजे जाते हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन चालक को अपने साथ कोतवाली में लेकर आ गई।


पदमपुर में पिकअप द्वारा वाहनों को मारी गई टक्कर

# आकांक्षा मित्तल व अमन मिश्रा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से गोविंद नगर स्थित एक बारातघर के सभागार में श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन गायकों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का आरंभ मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, विधानसभा अध्यक्ष के जन संपर्क अधिकारी मनीराम शर्मा और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से बाबा की जोत प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात बिजनौर से आईं भजन गायिका आकांक्षा मित्तल व वृंदावन धाम से आए भजन गायक अमन मिश्रा ने भजनों के माध्यम से श्री श्याम प्रभु, बालाजी महाराज व सिद्धबली बाबा की महिमा का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत भजनों साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा, मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरा.., तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा..., मैं हार जाऊंये हो नहीं सकता, बेटा अगर दुःख में हो तो पिता सो नहीं सकता, हाथों में लेकर निशान, चला रे मैं तो अपने बाबा के पास चला रे की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। मध्य रात्रि में बाबा के जन्मोत्सव का केक काटा गया एवं पुष्प वर्षा की गई और सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र रावत, राजेंद्र अन्थवाल, प्रमोद रावत, कृष्ण कुमार कंसल, विनोद सिंघल, पं राम प्रकाश शर्मा, समिति संरक्षक रतन अग्रवाल, अध्यक्ष सुनील कर्णवाल और संजय मित्तल सहित समिति के सभी सदस्य और आमजन मौजूद रहे।

## मुकदमा दर्ज करने का कांग्रेस ने किया विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सीमा पर स्थित देवरामपुर में एक पक्ष की महिलाओं व कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध किया गया। कहा कि पुलिस को जल्द से जल्द मुकदमें वापस लेने चाहिए। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। कहा कि कुछ दिन पूर्व देवरामपुर में दो गुटों के बीच विवाद हुआ था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोटद्वार पुलिस ने विवाद करने वाले लोगों के बजाय अनुसूचित जाति की महिलाओं व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। बताया कि इस तरह अनुसूचित जाति के लोगों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर रंजना रावत, बलवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह गुसाईं, दलीप सिंह रावत, शीला भारती, मो.स्वाले, कृपाल सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, महावीर सिंह नेगी, जावेद हुसैन, गोकुल सिंह नेगी, प्रेम सिंह पयाल, विजय नेगी, विनोद नेगी आदि मौजूद रहे।

# सत्यापन नोटिस को लेकर अफवाह फैला रहा विपक्ष

## महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने किया निगम कार्यालय का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कोटद्वार नगर निगम में कर विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर सत्यापन नोटिस को लेकर अफवाह फैलाने का आरोप लगाया। कहा कि जनता को किसी भी तरह की सूचना के लिए नगर निगम में संपर्क करना चाहिए। नगर निगम जनता के हितों को लेकर कार्य कर रहा है। ऐसे में अफवाहों से बचना जरूरी है।

महापौर ने कार्यालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य कर विभाग की ओर से जारी कर सत्यापन प्रक्रिया की सही स्थिति का अवलोकन करना है। कहा कि नगर निगम सभी गतिविधियों को पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित कर रहा है।


कोटद्वार में नगर निगम कार्यालय में कर विभाग का निरीक्षण करते महापौर शैलेंद्र सिंह रावत

विपक्ष सत्यापन नोटिस को लेकर तरह-तरह की अफवाहें फैला रहा है। कहा कि जनता को नोटिस की पुष्टि केवल नगर निगम के अधिकारिक स्रोत से करना चाहिए। कहा कि नगर निगम कर विभाग सभी करदाताओं के प्रति निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन कर रहा है। कर सत्यापन प्रक्रिया केवल रिकार्ड की जांच और कर संबंधी सूचनाओं की पुष्टि के लिए है।

कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जनता को नगर निगम का सहयोग करना चाहिए।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही सरकार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। अधिक से अधिक महिलाओं को योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान देना चाहिए।

सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष ने बदरीनाथ मार्ग स्थित जनकल्याण सेवा समिति के केंद्र में भारत सरकार की हस्तशिल्प विकास परीक्षण योजना का निरीक्षण किया। जिसमें 30 महिलाओं की ओर से पीरूल, बेंत (रिंगाल) से निर्मित उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। विस अध्यक्ष ने कहा कि जनकल्याण सेवा समिति कोटद्वार की 30 महिलाओं को 50 दिन की ट्रेनिंग देकर पीरूल और बेंत (रिंगाल) से निर्मित टोकरी, बास्केट, कटोरी अन्य सामग्री बनाई जा रही है। कहा कि पीरूल पहाड़ों में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। कहा कि समूह के माध्यम से हम अपने लोकल फॉर वोकल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को भी साकार कर सकते हैं। उन्होंने समिति के अध्यक्ष सचिन नेगी, सचिव दीपाली, सदस्य मानसी, स्वाति, मधु, किरण, रोशनी के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, कमल नेगी, जितेन्द्र नेगी, मुन्ना फौजी, नीरूबाला खंतवाल, रजत भट्ट, मानेश्वरी बिष्ट, मुकुल नेगी आदि मौजूद रहे।


आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के साथ मौजूद विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

## राशन कार्ड धारक 20 नवंबर तक कराएं ई-केवाईसी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सभी राशन कार्डधारकों की ई-केवाईसी 20 नवंबर, 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण की जानी अनिवार्य है। ऐसा न करने पर राशन कार्ड अस्थाई रूप से निष्क्रिय हो जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने जनपद के अंतर्गत सभी कार्ड धारकों से अपील करते हुए कहा है कि सभी राशन कार्ड धारक अपने सम्बन्धित अथवा नजदीकी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर जाकर अपने तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों का 20 नवम्बर, 2025 तक बायोमेट्रिक (फिंगर लगाकर) सत्यापन कर ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय सीमा तक ई-केवाईसी न करने की स्थिति में राशन कार्ड अस्थायी रूप से निष्क्रिय कर दिया जायेगा।

# ग्रामीणों ने की भालू के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में भालू के आतंक से लोग परेशान है। विकासखंड बीरोंखाल, थलीसैंण व पाबौ में भालू के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पौड़ी से मुलाकात की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से क्षेत्र को भालू के आतंक से मुक्त बनाएं जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि भालू गोशाला में घुसकर मवेशियों को निवाला बना रहा है। जबकि दो महिलाओं को भी घायल कर चुका है। जिससे लोग दहशत में है। सोमवार को उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी के नेतृत्व में विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया से मुलाकात की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद पौड़ी के विकासखंड बीरोंखाल, थलीसैंण, पाबौ, कल्जीखाल के अनेक गांवों में भालू का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। भालू ग्रामीणों की गोशाला में घुसकर अभी तक 70 से अधिक मवेशियों को निवाला बना चुका है। वन विभाग इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आ रहा है। कहा कि भालू के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। यूकेडी जिलाध्यक्ष अर्जुन नेगी ने बताया कि कुछ दिन पहले भालू द्वारा पाबौ ब्लॉक में एक महिला पर हमला किया। उन्होंने आतंक का पर्याय बने भालू को मारे जाने की मांग की। उन्होंने जल्द ही समाधान नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस अवसर पर यूकेडी कार्यकारी जिलाध्यक्ष देवेश डोभाल, जिला उपाध्यक्ष जगदंबा नैनवाल, जिला संगठन मंत्री लोकेश प्रशाद बहुगुणा, महिला प्रकोष्ठ नेत्री सरस्वती नेगी, साबर सिंह नेगी, गौरव चंदोला, अजय चंदोला, विकास भंडारी आदि मौजूद रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ के राजेंद्र अध्यक्ष तो लक्ष्मी बनीं उपाध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिला अधिवक्ता संघ के सोमवार को हुए चुनावों में राजेंद्र सिंह नेगी अध्यक्ष और लक्ष्मी रावत उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई। अध्यक्ष पद पर मुकाबला त्रिकोणीय, जबकि उपाध्यक्ष पद पर सीधा था। सभी निर्वाचित प्रत्याशियों को मुख्य चुनाव अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारी ने प्रमाण पत्र दिए।

नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र नेगी ने कहा कि अधिवक्ताओं के कल्याण कोष और हर 5 साल में रिन्यूवल संबंधी लड़ाई भी लड़ी जाएगी।

अध्यक्ष पद पर राजेंद्र सिंह नेगी ने 18 मतों से, जबकि उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी रावत ने 1 वोट से जीत हासिल की। इससे पूर्व सचिव और कोषाध्यक्ष सहित चार पदों पर एक-एक नामांकन होने की वजह से इन पदों पर चुनाव निर्विरोध हो गया था। सोमवार को सुबह करीब 9 बजे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए अधिवक्ता सभागार में ही आयोग की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। डेढ़ बजे तक मतदान हुआ और इसके बाद तीन बजे से मतगणना शुरू की गई। संघ के चुनावों में कुल 86 वोटों में से 76 वोट पड़े। मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश गैरोला और सहायक चुनाव अधिकारी डीएन शाह ने बताया कि अध्यक्ष पद राजेंद्र सिंह नेगी को 42, अनुसूया प्रसाद उनियाल को 24 जबकि टीका प्रसाद उपाध्याय को 10 मत मिले। इस तरह से अध्यक्ष पद राजेंद्र सिंह नेगी ने 18 वोट से जीत दर्ज की।

## पोखरी मेले में पम्मी नवल के जागरों ने बांधा समां

चमोली। चमोली जनपद के पोखरी में आयोजित हिमवंत कवि चन्द्रकुंवर बर्त्वाल खादी पर्यटन किसान विकास मेला इन दिनों सांस्कृतिक रंगों से सराबोर है। मेले की दूसरी संध्या पूरी तरह उत्तराखंड की लोक संस्कृति को समर्पित रही, जहां पंचकेदार सांस्कृतिक संस्थान के कलाकारों ने देर रात तक अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। मेले की मुख्य आकर्षण रही प्रदेश की प्रसिद्ध जागर गायिका डॉ. पम्मी नवल, जिन्होंने भैरव जागर, हे मेरी अम्बा हे जगदंबा, तू रैंदी मां ऊंचा पहाड़ों मा, तेरी खुटों मा लेगी गे पराज, ना वे नराज जैसे लोकगीतों की प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके स्वर और जागरों की भक्ति से पूरा वातावरण लोकसंगीत के रंग में रंग गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सोहनलाल ने पंचकेदार सांस्कृतिक संस्थान के कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि जागर देवभूमि की सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित और संवर्धित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# जुए खेलने के लिए की चोरी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार क्षेत्र के एक घर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक के पास से चोरी किया गया मोबाइल बरामद हुआ है। जबकि, पुलिस चोरी की स्कूटी की भी बरामदगी के प्रयास कर रही है। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह ऑनलाइन जुआ खेलता है। जिसके लिए उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

14 अक्टूबर को कोटद्वार निवासी रमेश चंद्र जदली की ओर से तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि रात के समय अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर के गेट की जाली को काटा और दरवाजे को खोलकर कमरे में घुस गया। बताया कि व्यक्ति कमरे में रखे उनके मोबाइल के साथ ही घर के बाहर रखी स्कूटी को चोरी कर ले गया। बताया कि व्यक्ति ने उनके मोबाइल से आनलाइन अपने खाते में भी बीस हजार रुपये की रकम ट्रांसफर की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कमैरों की जांच करने पर अरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश जनपद हसनपुर ग्राम शेरगढ़ निवासी हिमांशु के रूप में हुई। पुलिस टीम ने हिमांशु को उसके घर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में हिमांशु ने बताया कि वह आनलाइन जुआ खेलता है। जिसमें वह चार लाख रुपये से अधिक की रकम हार चुका है। बताया कि कोटद्वार में रमेश चंद्र जदली के घर पर वह अपने पिता के साथ काम कर रहा था। बताया कि उनके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी से स्कूटी बरामद करने का भी प्रयास कर रही है।


पुलिस हिरासत में चोरी का आरोपी

# नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करें विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति को लेकर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया। कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों को आगे आना चाहिए। सोमवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। हम सभी को इसके खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। कहा कि विद्यार्थियों को अपने आसपास रहने वाले अन्य व्यक्तियों को भी नशे के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए एंटी ड्रग्स से संबंधित निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठवीं तक के 220 बच्चों ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में 120, वाद विवाद में बीस व पोस्टर प्रतियोगिता में 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।


डीएवी स्कूल में नशे के खिलाफ शपथ लेते विद्यार्थी

## लखवाड़ बांध परियोजना प्रभावित काश्तकारों और बेरोजगारों ने किया परियोजना का कार्य बंद

नई टिहरी। लखवाड़ बांध परियोजना प्रभावित काश्तकारों और बेरोजगारों ने परियोजना का कार्य बंद कर दिया है। आंदोलनकारियों को मनाने पहुंची धनोल्टी एसडीएम और तहसीलदार को ग्रामीणों ने बैरंग लौटाया। जौनपुर—जौनसार लखवाड़ बांध प्रभावित संयुक्त मोर्चा समिति से जुड़े लोग गत चार दिनों से बांध प्रभावितों को मुआवजा भुगतान करने, प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक—एक सदस्य को रोजगार देने, जमीन के बदले जमीन देने सहित अन्य मांगो को लेकर परियोजना कार्य क्षेत्र में धरने पर बैठे हुए हैं। संघर्ष समिति के सदस्य महेंद्र सिंह ने कहा यमुना नदी पर निर्माणाधीन तीन सौ मेगावाट लखवाड़ जल विद्युत परियोजना से जौनपुर व जौनसार क्षेत्र के 32 गांव प्रभावित हो रहे हैं। प्रभावित लगातार परिसंपत्तियों का भुगतान और रोजगार की मांग कर रहे हैं। धरना—प्रदर्शन के बाद भी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूरन परियोजना का कार्य बंद करवाना पड़ रहा है।


उत्तर रेलवे

(शुद्धि पत्र)

Tender Notice-202-Repair, 12-Ansaldo, PRI-GCT, ClockPA-2024-25 Date 27.10.2025

विषय:—मुरादाबाद मंडल के संकेत एवं दूरसंचार के टेंडर की निविदा के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ:—(1) इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या 202-Repair, 12-Ansaldo, PRI-GCT, ClockPA-2024-25 dated 22.10.2024

उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस० एंड टी० शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने की अनुमानित लागत (रुपये): में बदलाव हुआ है

| सं० | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | काम की अनुमानित लागत (रुपये): | काम की संशोधित अनुमानित लागत (रुपये): |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 01-Tele-ClockPA-MB2024-25 प्रोविजन ऑफ मिनिमम एसेंशियल एमेनिटीज फॉर रेलवे स्टेशन (पीएच सिस्टम एट 78 स्टेशन एवं डिजिटल क्लॉक एट 123 स्टेशन) | 26730847.13 EMD- 283700.00 | 24304562.70 EMD- 271600.00 |

निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नोट:— निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। 3332/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### ईगास के भव्य आयोजन के साथ राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का होगा शुभारंभ

देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का ईगास के भव्य आयोजन के साथ एक नवंबर से शुभारंभ होगा। शासन ने राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का विधिवत कार्यक्रम जारी कर दिया है। सीएम आवास पर ईगास आयोजन के साथ आदि कैलाश में अल्ट्रा मैराथन समेत हर जिले में राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा। सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन की ओर से रजत जयंती समारोह का विधिवत कार्यक्रम जारी किया गया। पहले दिन एक नवंबर को शाम को सीएम आवास में ईगास को भव्य रूप में मनाया जाएगा।

राज्य के विभिन्न संस्कृति समूह अपनी प्रस्तुति देंगे। भैलो खेला जाएगा। शाम को ही सांस्कृतिक केंद्र गढ़ी कैंट में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन जालीकॉग आदि कैलाश पिथौरागढ़ में लेह लद्दाख की तर्ज पर अल्ट्रा मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। नौ नवंबर को पुलिस लाइन देहरादून में रैतिक परेड, 10 नवंबर को शीतकालीन पर्यटन से जुड़े हित धारकों का सम्मेलन आयोजित होगा। 11 नवंबर को एफआरआई में राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का मुख्य कार्यक्रम होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। विधानसभा में राष्ट्रपति का अभिभाषण तीन और चार नवंबर को विधानसभा का विशेष सत्र होगा। तीन नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण होगा। काशीपुर में नगर निकायों के अध्यक्ष, मेयर के सम्मेलन में शहरी विकास की भावी रूपरेखा तैयार होगी। पांच नवंबर को दून विवि में उत्तराखंडी प्रवासी सम्मेलन आयोजित होगा। हरिद्वार में संत सम्मेलन के साथ पारंपरिक खेल पांच नवंबर को ही हरिद्वार में हॉकी समेत पारंपरिक खेलों का आयोजन होगा। छह नवंबर को संत सम्मेलन आयोजित होगा।

### माता कालिका स्थापना दिवस पर नगर पालिका ने सामुदायिक भवन समर्पित किया

देहरादून। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नवंबर सात स्टाबरी बैंक कुलड़ी में माता महाकाली मंदिर में चौदहवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी एवं क्षेत्रीय सभासद अमित भट्ट ने क्षेत्र की जनता को सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर समर्पित किया। स्टाबरी बैंक कुलड़ी स्थित माता महाकाली मंदिर का 14वां स्थापना दिवस श्रद्धा व पारंपरा के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने माता काली के दर्शन किए व मंदिर में आयोजित पूजा अर्चना व हवन में प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी व क्षेत्रीय सभासद वार्ड नंबर सात अमित भट्ट ने क्षेत्र की जनता को 22 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन कर समर्पित किया। पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी ने पूरे मोहल्ले के निवासियों को सामुदायिक भवन समर्पित होने पर बधाई दी। कहा कि यहां के लोगों की पुरानी मांग थी। यह भवन आधुनिक व काफी बड़ा है जिसमें गुणवत्तायुक्त कार्य किया गया है। ऐसे भवन हर वार्ड में बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि वह सभासदों से यही कहती हैं कि अपने वार्ड में ऐसे कार्य करें जो लोग वर्षों तक याद रखें। सभासद अमित भट्ट ने कहा कि उन्होंने कार्यकाल शुरू होते ही सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया था व कम समय में इसे पूरा कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया है। मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष ओपी उनियाल, अनुज गुप्ता, पालिका सभासद जसबीर कौर, सचिन गुहेर, पार्षद सुमेंद्र बोहरा, वाल्मीकि उत्थान सभा के अध्यक्ष निरंजन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर माह में रही बिजली की संतुलित आपूर्ति

देहरादून। उत्तराखंड में अक्टूबर, 2025 के दौरान बिजली की स्थिति लगभग संतुलित रही। राज्य में औसतन जितनी बिजली की मांग रही, उतनी ही मात्रा में आपूर्ति भी सुनिश्चित की गई। हालांकि, जलविद्युत परियोजनाओं से उत्पादन में आई कमी के चलते कुछ दिनों तक बिजली की हल्की कमी दर्ज की गई।

यह जानकारी राज्य की डेली पावर सिस्टम एनर्जी रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 से 25 अक्टूबर के बीच उत्तराखंड में कुल 572.953 मिलियन यूनिट बिजली राज्य के स्रोतों से उत्पन्न हुई, जबकि केंद्र सरकार की परियोजनाओं से 364.599 मिलियन यूनिट की आपूर्ति मिली। इस तरह राज्य में कुल 937.552 मिलियन यूनिट बिजली उपलब्ध रही इस अवधि में राज्य की कुल बिजली की मांग 946.281 मिलियन यूनिट दर्ज की गई।

# प्रदेश में 23 खेल अकादमियां की जल्द स्थापना : धामी

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, तपोवन में ''सांसद खेल महोत्सव' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा ''सांसद खेल महोत्सव'', खेल प्रतिभाओं को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का बड़ा अभियान है। उत्तराखंड में खेल महोत्सव तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ''फिट इंडिया-स्पोर्ट्स इंडिया-स्ट्रॉन्ग इंडिया'' के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर इतिहास रचते हुए राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य किया। आज उत्तराखंड विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है। ''स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान'' के अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई खेल नीति भी लागू की गई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को ''आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित किया जा रहा है। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किया गया है, जिससे हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम और कौशल को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ खजानदास, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, सीडीओ देहरादून अभिनव शाह एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।

#### नवोदय विद्यालय तपोवन में बनेगा वालीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। बच्चों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए अनेक कार्यक्रमों सांसद खेल प्रतियोगिता, फिट इंडिया का आयोजन किया जा रहा है। आज भारत वैश्विक स्तर पर खेलों में सराहनीय प्रदर्शन कर रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजीव गांधी नवोदय विद्यालय तपोवन में वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट के लिए वे सांसद निधि से धनराशि देंगे। विद्यालय मेस में फर्नीचर की व्यवस्था के लिए भी उन्होंने अपनी सांसद निधि से धनराशि देने की बात कही।

# पर्यटन नगरी में किया छावनी हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



**जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन :** पर्यटन नगरी लैंसडौन में छावनी हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कैंट हटाओ लैंसडौन बचाओ के नारे भी लगाये। इस मौके पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। सोमवार को हिंदू पंचायती धर्मशाला समिति के बैनर तले छावनी हटाने की मांग को लेकर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया गया। जुलूस सदर बाजार से होते हुए तहसील परिसर पहुंचा। इस दौरान हिंदू पंचायत धर्मशाला के अध्यक्ष दिनेश सिंह रावत ने कहा कि कैंट प्रशासन द्वारा लीज में बढ़ोतरी की गई है। सन् 1932 में धर्मशाला की लीज 7 हजार वार्षिक रेट में थी, जिसे बढ़ाकर तीन लाख से अधिक किया गया है। छावनी नगरी में जिन लोगों के मकान लीज पर हैं, उनमें भी लीज में बहुत अधिक बढ़ोतरी की गई है। जिससे कि स्थानीय निवासी पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने छावनियों को स्थानीय निकाय में शामिल करने की मांग की। जिससे कि कैंट के जटिल नियमों से छावनी वासियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि सैनिक सुविधा परिसर की स्थापना के बाद से सदर बाजार में सैनिकों का आवागमन न बराबर हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन हो गया है। सदर बाजार लैंसडाउन में काम की कमी के कारण पलायन हो रहा है और लीज में बढ़ोतरी होने से स्थानीय छावनी वासियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। इसका असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पढ़ रहा है।

# मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में ''सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी'' थीम पर आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह जन जागरूकता कार्यक्रम प्रदेशभर में राज्य स्थापना दिवस 09 नवम्बर 2025 तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व की भावना को साकार करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का स्मरण करते हुए कहा कि पटेल जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भारत की एकता, अखंडता और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का केवल संकल्प ही नहीं लिया, बल्कि उसे धरातल पर उतारने का कार्य भी किया है। उनके नेतृत्व में देश में नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। शासन-प्रशासन को पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए जन-केंद्रित बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन में राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो भी भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभागों द्वारा इस अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि समाज और प्रशासन की मजबूती के लिए सभी कार्मिकों का अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा, ईमानदार और अनुशासित होना आवश्यक है।

# डा. गौतम यंग भूगोलवेत्ता अवार्ड से सम्मानित

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की ओर से भारतीय भूगोलवेत्ताओं के संस्थान (आईआईजी) का 46वां वार्षिक अधिवेशन एवं डायनेमिक अर्थ, फैजाइल एनवायरनमेंट एंड पाथ टू क्लाइमट रेजिलिएंट सोसायटी विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सोमवार को समापन हो गया है। इस मौके पर डा. गौतम को यंग भूगोलवेत्ता अवार्ड से सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में विवि के लोक कला एवं संस्कृति निष्पादन विभाग की ओर से संस्कृति संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कला संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा ने कहा कि भूगोल विभाग के ओर से जो अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई वह अपने आप में स्वर्णिम अवसर है। कहा कि संगोष्ठी के जो भी परिणाम हमारे सामने आएंगे वो दूरगामी होंगे। संगोष्ठी के सचिव डॉ. राकेश सैनी ने तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि सम्मेलन में 200 से ज्यादा शोध पत्र प्राप्त हुए और 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बताया कि सम्मेलन में भारत और विदेश के लगभग 40 विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बताया कि सम्मेलन में गतिशील प्रणाली, क्रायोस्फेरिक परिवर्तन, मानसून परिवर्तनशीलता, भूमि दृश्य और परिवर्तन, उद्यमी भूगोल और जलवायु परिवर्तनशीलता और संकट सहित विविध विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। डॉ. राकेश सैनी ने कहा कि इस सम्मेलन से उत्पन्न विचार-विमर्श और सिफारिशें भारत और अन्य देशों में भौगोलिक अनुसंधान और नीतिगत चर्चा में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# केदारनाथ यात्रा से महिला समूह बनें आत्मनिर्भर

### महिला स्वयं सहायता समूहों ने किया 13 लाख का व्यवसाय, वोकल फॉर लोकल को मिला बढ़ावा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड की प्रमुख धार्मिक यात्राओं में से एक श्री केदारनाथ धाम यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, बल्कि यह यात्रा स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका का भी प्रमुख साधन बन चुकी है। लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दर्शन हेतु आने के साथ ही स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ाते हैं, जिससे स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के अनेक अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

इस वर्ष भी जनपद रुद्रप्रयाग की महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से आजीविका के नए आयाम स्थापित किए हैं। केदारनाथ यात्रा क्षेत्र में संचालित गंगा दुग्ध उत्पादक स्वयं सहायता समूह (मेदनपुर), चंडिका समूह, जय नागराजा समूह, मठियाणा समूह, बिनसर स्वयं सहायता समूह एवं गंगेया स्वयं सहायता समूह की लगभग 50 से अधिक महिलाओं ने मिलकर 13 लाख रुपये तक का व्यवसाय किया। महिलाओं द्वारा मुख्य रूप से चौलाई लड्डू, धूपबत्ती एवं बेलपत्री उत्पादों का निर्माण और विक्रय किया गया। साथ ही, आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए ऑनलाइन माध्यम से भी लगभग 03 लाख रुपये का प्रसाद विक्रय किया गया। यह पहल वोकल फॉर लोकल अभियान को सशक्त करने के साथ ही महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित हुई है। मुख्य विकास अधिकारी रुद्रप्रयाग राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा महिला समूहों को आजीविका से जोड़ने के लिए निरंतर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी केदारनाथ यात्रा सत्र में और अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सके।

# ब्लॉक स्तरीय सामान्य ज्ञान क्विज में अउराइंकॉ चैलूसैंण ने मारी बाजी



**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** उत्तराखंड राज्य स्थापना ब्लाक स्तरीय सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता बीआरसी कीर्तिखाल के सभागार में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ब्लॉक की 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अ.उ. राजकीय इंटर कॉलेज चैलूसैंण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी द्वारीखाल डॉ. सुरेन्द्र सिंह नेगी, राकेश सिंह नेगी क्विज समन्वयक, मानवी कोटनाला बी.आर.सी. समन्वयक व राजीव रावत सह समन्वयक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण की स्क्रीनिंग परीक्षा में 6 टीमों राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रैंस, राजकीय इंटर कॉलेज कीर्तिखाल, राजकीय इंटर कॉलेज पाली लंगूर, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चैलूसैंण, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज देवीखेत व इंटर कॉलेज गटकोट माण्डलू के बच्चों ने सफलता प्राप्त कर अगले चरण में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दूसरे चरण के छः भागों बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी, विजुअल, एक्सटेम्पोर, वीडियो, रैपिड फायर एवं बर्जर राउण्ड के आधार पर अ.उ. राजकीय इंटर कॉलेज चैलूसैंण ने प्रथम, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रैंस ने द्वितीय, अ.उ.रा. इंटर कॉलेज देवीखेत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन टीमों के मार्गदर्शक शिक्षक जगबीर सिंह नेगी, राकेश रावत व राजीव रावत थे। निर्णायक में दयाकिशोर बिंजौला, रेनु सिंह व राजेश कुमार भंडारी शामिल थे। इस मौके पर क्विज टीम प्रभारी राकेश सिंह नेगी, सह प्रभारी राजीव रावत, शिक्षक आबिद अहमद, संदीप सिंह, जगबीर सिंह नेगी, चरण सिंह, नीरज पथिक, राकेश रावत, दीपक नेगी, सुरेश बिष्ट, प्रत्याकुंर टौंक, पंकज बलूनी, महेंद्र सिंह राणा आदि शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव रावत ने किया।

# प्रधानाचार्य भर्ती समर्थक शिक्षक संघ पर हुए हमलावर

देहरादूण। प्रधानाचार्य भर्ती समर्थक शिक्षकों ने भर्ती के समर्थन में सड़कों पर उतरने की चेतावनी है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को लटकाने के लिए राजकीय शिक्षक संघ अवैध तरीके से काम करहा है, जबकि उसका कार्यकाल खत्म हो चुका है। संघ ने अदालत में भी हलफनामा दिया है, बावजूद इसके शिक्षकों को आंदोलन में उतारा जा रहा है। उत्तराखंड प्रधानाचार्य सीमित विभागीय पदोन्नति परीक्षा समर्थक मंच ने ऑनलाइन बैठक की। कहा कि अगर प्रधानाचार्य विभागीय पदोन्नति परीक्षा प्रक्रिया में व्यवधान पैदा किया जाता है तो भर्ती समर्थक शिक्षक अभिभावकों और छात्र–छात्राओं के साथ शिक्षा मंत्री आवास घेरेंगे। उन्होंने एलटी शिक्षकों के लिए स्पेशल यूटीईटी करवाने की मांग रखी। प्रांतीय संयोजक बृजेश पंवार ने चयन और प्रोन्नत वेतनमान पर एक इंक्रीमेंट की व्यवस्था फिर से शुरू करने की मांग रखी गई। विनीता बहुगुणा द्वारा कहा गया कि राजकीय शिक्षक संघ की कार्यकारिणी अस्तित्व में ही नहीं है तो फिर कैसे शिक्षकों को हड़ताल में शामिल होने के लिए कहा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कर कोर्ट में रखे जाने चाहिए। शिक्षक नेता प्रीतम सिंह ने जल्द से जल्द राजकीय शिक्षक संघ की कार्यकारिणी के चुनाव की मांग रखी।

### उत्तराखंड की रजत जयंती पर ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान

देहरादूण। उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती (25 वर्ष) पूर्ण होने पर हर्षल फाउंडेशन द्वारा ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना और सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन उपलब्ध कराना है। विशेष अभियान का शुभारंभ नौ नवम्बर 2025 को आर्य कन्या गुरुकुल, राजपुर रोड, देहरादून में किया जाएगा। यह अभियान पूरे साल भर तक चलेगा। सोमवार को संस्था की ट्रस्टी सेक्रेटरी रमा गोयल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हर्षल फाउंडेशन पिछले 25 वर्षों से दिव्यांगों के पुनर्वास, सशक्तिकरण एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा समय–समय पर दिव्यांग सहायता शिविरों, कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रमों और महिला उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया है, जिससे अनेक लोगों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

# गढ़वाल विवि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू



**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : केन्द्रीय सतर्कता आयोग के आह्वान पर 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताहह्व मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलपति सचिवालय में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के टिहरी तथा पौड़ी परिसरों में भी सतर्कता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। डॉ. बी.जी.आर. परिसर पौड़ी तथा एस.आर.टी कैंपस टिहरी में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी निभाने की शपथ ली। विश्वविद्यालय के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. एम.एम. सेमवाल ने सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि यह पहल विश्वविद्यालय समुदाय में ईमानदारी, नैतिक मूल्यों और पारदर्शी कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जागरूकता कार्यक्रमों के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर फोटो स्टोरीटेलिंग प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टि मांगी गई है, जिसका विषय प्रेरणादायक ईमानदारी अल्प परिचित व्यक्तियों की कथाएं। है। यह प्रतियोगिता मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यालय द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज और विश्वविद्यालय समुदाय में ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के वास्तविक उदाहरणों को पहचानना और प्रेरक कहानियों के माध्यम से सत्यनिष्ठा की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर प्रभारी कुलपति प्रो. एन.एस. पंवार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओ.पी. गुंसाई, सकायाध्यक्ष प्रो. मंजुला राणा, प्रो. हरभजन चौहान, प्रो. वाई.एस. फर्स्वाण, उप सतर्कता अधिकारी प्रो. महेंद्र बाबू, प्रो. गुड्डी बिष्ट, प्रो. हेमवती नंदन, प्रो. एम.सी. सती, प्रो. जेपी मेहता, प्रो. मंजू पांडे, प्रो. गुड्डी बिष्ट, डा. एसएस बिष्ट, डा. कपिल पंवार, डा. ममता आर्य, उपसचिव अनीस, शिक्षणेत्तर कर्मचारी अध्यक्ष देवेंद्र फर्स्वाण आदि मौजूद थे।

# 2 लाख 75 हजार श्रद्धालुओं ने किये श्री हेमकुंट साहिब के दर्शन

### मुख्यमंत्री से गुरूद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष ने की भेंट



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को सचिवालय में गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात की। श्री बिंद्रा ने आगामी यात्राओं के लिए आधारभूत संरचना तथा लॉजिस्टिक्स संबंधी कुछ महत्वपूर्ण सुधारों पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। बताया कि इस वर्ष भारत तथा विश्व भर से रिकॉर्ड 2,75,000 श्रद्धालुओं ने श्री हेमकुंट साहिब के दर्शन किए।

मुलाकात के दौरान श्री बिंद्रा ने हेमकुंट साहिब यात्रा व्यवस्थाओं में सहयोग के लिये मुख्यमंत्री, राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विशेष सहयोग एवं व्यवस्था हेतु समय-समय पर दिए गये निर्देशों के फलस्वरूप श्री हेमकुंट साहिब यात्रा सुचारू एवं सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस वर्ष भारत तथा विश्व भर से रिकॉर्ड 2,75,000 श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में सम्मिलित हुए। प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों के बावजूद यात्रा का कुशलता पूर्वक प्रबंधन किया गया। यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं तथा समन्वय हेतु किये प्रयासों के लिये श्रद्धालुओं द्वारा व्यापक सराहना की गयी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आश्वासन दिया कि अगली यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक कदम प्राथमिकता के साथ उठाए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे चारधाम के साथ ही हेमकुंट साहिब यात्रा का भी बड़ा महत्व है। हिमालय की ऊंचाई पर स्थित यह पावन स्थल राज्य की पहचान है। राज्य सरकार द्वारा राज्य के तीर्थ स्थलों का विकास एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत प्रभावी कार्य योजना तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि गोविंदघाट से हेमकुंट साहिब तक रोपवे बनने से हिमालयी क्षेत्र की यात्रा और अधिक सुगम हो जायेगी।

# 9 नवंबर को कर्णप्रयाग में धरना प्रदर्शन

चमोली। गैरसैंण में स्थाई राजधानी की मांग को लेकर पूर्व आईएएस विनोद रतूड़ी के नेतृत्व में गैरसैंण में स्थाई राजधानी समर्थक गांव – गांव में भ्रमण कर जन– जागरूकता अभियान के दौरान जनता से सुझाव ले रहे हैं। स्थाई राजधानी गैरसैंण समिति के मुख्य संयोजक पूर्व आईएएस विनोद रतूड़ी ने बताया कि सभी लोगों की एक ही राय है कि स्थाई राजधानी गैरसैंण में शीघ्र ही स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक राज्य के लिए दो राजधानी का विकल्प उत्तराखंड की जनता के साथ छलावा है। सुरक्षा के तौर पर भी एक मात्र विकल्प गैरसैंण उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि अभी तक स्थाई राजधानी गैरसैंण समिति नारायणबगड़, दशोली, कर्णप्रयाग, पोखरी विकासखंड के 35 गांवों का भ्रमण करते हुऐ लोगों से संपर्क कर चुके हैं। स्थाई राजधानी समिति गैरसैंण के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सोमवार को पोखरी विकासखंड के रानों , बमोथ आदि गांवों में सम्पर्क करते हुऐ 9 नवंबर को सुबह 11 बजे से कर्णप्रयाग में होने वाले शक्ति प्रदर्शन में भाग लेने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि इस दौरान कर्णप्रयाग के मुख्य बाजार में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने स्थाई राजधानी की मांग को लेकर हो रहे इस आन्दोलन में जनता से सहयोग मांगा है। गांवों के भ्रमण के दौरान मुख्य संयोजक विनोद प्रसाद रतूड़ी के साथ रमेश थपलियाल, मुकेश भंडारी, चंन्द्र सिंह भंडारी, जितेन्द्र नेगी, लखपत भंडारी, प्रदीप लखेड़ा, विजय सिंह, दीपा बहुगुणा, सुशीला चौहान, काजल भंडारी, महिपाल सिंह, सुरेन्द्र कनवासी, गोपी डिमरी, विरेन्द्र कठैत विजय चमोला, टीका प्रसाद, एसएस भण्डारी, प्रणवेन्द्र प्रसाद, सुधीर डिमरी, सौरभ डिमरी, शुभम, अनभिका आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com